One-Week FDP
on
"Hindi Sahitya: Shodh Pravidhiya evam Chunaotiyan"
25 Feb- 3 March 2022

REPORT

25 फरवरी से 3 मार्च 2022 को जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज आंतरिक गुणवत्ता प्रमाणन प्रकोष्ठ(IQAC) और हिंदी विभाग एवं महात्मा हंसराज संकाय संवर्धन केन्द्र PMMMNMTT के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की पहल पर , हंसराज महाविद्यालय के संयुक्त तत्त्वावधान में सात दिवसीय ऑनलाइन संकाय संवर्धन कार्यक्रम(FDP) का आयोजन किया।

इस संकाय संवर्धन कार्यक्रम का विषय 'हिंदी साहित्य शोध प्रविधियां एवं चुनौतियां' रहा। अनुसंधान पद्धति के महत्व को ध्यान में रखते हुए इस संकाय संवर्धन कार्यक्रम में अनुसंधान के बुनियादी आयामों की खोज, साहित्य के क्षेत्र में अनुसंधान के ऐतिहासिक प्रतिमानों को रेखांकित करने वाली धारणाओं के उद्देश्य से विचार किया गया। अनुसंधान प्रविधियों में हालिया विकास, शोध प्रकाशन में पद्धति संबंधी मुद्दे, प्रकाशन नैतिकता, अनुसंधान में आंकड़ों का उपयोग और दुरुपयोग और पठन सामग्री के लिए संसाधनों की उपलब्धता पर चर्चा हुई। इस संकाय संवर्धन कार्यक्रम का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शोध एवं अध्यापन की क्षमता का विकास, हिंदी भाषा- साहित्य में शोध के विविध आयामों से अध्यापकों और शोधार्थियों को सम्यक रूप से परिचित कराना साथ ही शोध एवं अध्यापन की विभिन्न पद्धतियों की जानकारी प्रदान कराना मुख्य उद्देश्य रहा है।

उक्त कार्यक्रम के पूरा होने के पश्चात प्रतिभागियों ने साहित्य की समीक्षा करने, परिकल्पना विकसित करने, शोध हेतु डेटा संग्रह और विश्लेषण के उपकरणों की भूमिका और विषय की प्रासंगिकता को समझने के लिए कौशल विकसित किया।

इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज की प्राचार्या प्रो. स्वाति पाल ने संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम के विषय 'शोध प्रविधियां एवं चुनौतियां' की प्रासंगिकता एवं महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

सात दिवसीय संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम के विषय विशेषज्ञ प्रो. श्यौराज सिंह बेचैन,प्रो.वीर भारत तलवार, डॉ.इंद्रनाथ चौधुरी,प्रो. गोपेश्वर सिंह,प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी,प्रो. अनिल राय,प्रो. सुधा सिंह,प्रो. आशुतोष कुमार,प्रो. बजरंग बिहारी तिवारी एवं डॉ. गंगा सहाय मीणा रहें।

इस संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम की संयोजक हिंदी विभाग की औरजीना मैरी लाकाडोंग और डॉ.रजनी अनुरागी रही। साथ ही डॉ. सुधा उपाध्याय, डॉ. विनीता रानी एवं मीनाक्षी ने इस कार्यक्रम में विभागीय सदस्य सहयोग की भूमिका निभाई।

सत्यमेव जयते
Ministry of Education
Government of India
आंतरिक गुणवत्ता प्रमाणन प्रकोष्ठ (IQAC)
और
हिन्दी विभाग
जानकी देवी मेमोरियल महाविद्यालय
(नैक ग्रेड बी++)
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
और
महात्मा हंसराज संकाय संवर्द्धन केन्द्र, हंसराज महाविद्यालय
(नैक ग्रेड ए+)
(PMMMNMTT के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय की पहल)
के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित
सात दिवसीय संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम
हिंदी साहित्य: शोध प्रविधियाँ एवं चुनौतियाँ
दिनांक: 25 फरवरी से 3 मार्च, 2022
लाइव सेशन सत्र दोपहर 02:00 बजे से सांय 5:15 बजे तक
@hrcduofficial










औरजीना मैरी ला...
डॉ विनीता रानी
MHRFDC Hansr...


From Dr. Sunil Kumar to Everyone


From Dr. Sunil Kumar to Everyone

डॉ सुधा उपाध्याय


डॉ. गंगा सहाय मी...


डॉ विनीता रानी

डॉ विनीता रानी